देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 110 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**देश के आईटी कानूनों के खिलाफ



# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 29 जुलाई 2021



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 24.0°

40243.39

2 इस्लामाबाद की सड़क बनी नदी

7 दीपिका कुमारी का तीर निशाने पर लगा

# उत्तराखंड में आफत की बारिश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक आफत की बारिश जारी है। मसूरी में पूरी रात हुई मूसलाधार बारिश से कैंपटी फाल ने विकराल रूप ले लिया है। इसे देखते हुए पुलिस ने फाल के आस–पास के दुकानों को खाली करवाया है। इसके साथ ही पर्यटकों को कैंपटी फाल पर जाने से फिलहाल रोक दिया गया है। अल्मोड़ा में ड्यूटी से लौट रहा एक स्कूटी सवार होमगार्ड बह गया।

प्रदेश में अन्य नदी–नाले भी उफान पर हैं। वहीं, गंगोत्री–यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे जगह–जगह भूस्खलन होने से अवरुद्ध हो गया है। दून में रात से ही समेत कई हिस्सों में तेज बारिश हो रही है। सड़कें तालाब बन गई है, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 31 जुलाई तक मौसम के मिजाज में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। विभाग ने 28 और 29 जुलाई के लिए देहरादून और नैनीताल समेत सात जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है।

सेलाकुई ने सरना नदी के बीच मे स्थित डबल लाइन 33केवी का पोल बह गया। इससे सेलाकुई सर्किट एक और दो को विद्युत आपूर्ति होती थी। मालदेवता रोड पर सड़क पर मलबा आने के कारण पहाड़ों को जाने वाला रास्ता बाधित है। किसी तरह की जनहानि नहीं है। जेसीबी से सड़क पर मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है।

**कालसी-चकराता मोटर मार्ग समेत 16 रास्ते बंद:** बारिश से जगह–जगह पहाड़ दरकने से जौनसार बावर में कालसी–चकराता मोटर मार्ग समेत 16 रास्ते बंद हो गए। जौनसार बावर की लाइफ लाइन कहलाने वाले कालसी चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड पहाड़ी पर हुए भूस्खलन के चलते भारी मात्रा में मलबा आने से यातायात बाधित हो गया है।

**सौंग में उफान से दहशत में ग्रामीण:** दून घाटी व पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिस से नदी नाले उफान पर हैं। सौंग नदीं का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। साहबनगर व गौहरीमाफी बाढ़ के लिहाज से अति संवेदनशील है, यहां सौंग नदी हर साल व्यापक तबाही मचाती है।

## कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड... पहाड़ी राज्यों में बारिश और बादल फटने से तबाही

### डरा रहा मसूरी का कैम्पटी फॉल्स

**मसूरी-दून हाईवे रहा बाधित**

मसूरी–देहरादून हाईवे गलोगी धार और शिव मंदिर–मैगी पॉइंट में बीच यातायात के लिए कई घंटों सड़क पर मलबा आने से बंद रहा। पीडबल्यूडी के जेई पुष्पेंद्र ने बताया कि लगभग नौ बजे यातायात के लिए खोल दिया है। सड़क बंद होने से मसूरी को दूध सप्लाई वाहन 10 बजे पहुंच पाए।



### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से तबाही

देश के पहाड़ी राज्यों में बारिश के कारण तबाही के हालात बन गए हैं। हिमाचल में जहां कुल्लू–मनाली में मां बेटे बह गए, वहीं जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट में कहा है कि केंद्र सरकार स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। प्रभावित इलाकों में हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। रामबन लोगों को सलाह दी गई है कि वे सभी नदी तट के पास कहीं भी न जाएं। वहीं उत्तराखंड में भी लगातार बारिश जारी है।

### आवश्यक सामाग्री की आपूर्ति भी हुई बाधित

प्रदेश में शनिवार से जारी बारिश का सिलसिला बुधवार सुबह तक जारी रहा। पहाड़ों में जगह–जगह मलबा आने से सड़कें बंद होने के चलते आवश्यक सामाग्री की आपूर्ति भी बाधित हुई है। प्रदेश में करीब तीन सौ गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। कुमाऊं में भी हालात गढ़वाल मंडल की तरह ही हैं। देहरादून स्थित राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को प्रदेश में देहरादून और नैनीताल के अलावा उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी से भारी बारिश हो सकती है। वहीं शुक्रवार और शनिवार को कुमाऊं के नैनीताल, चम्पावत और पिथौरागढ़ में भारी बारिश के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित रहा संसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का बुधवार को सातवां दिन भी आधे से अधिक विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। बार–बार पेगासस मुद्दे पर हंगामे के के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ रहा है। इस बीच राज्यसभा में जुवेनाइल जस्टिस संशोधन विधेयक 2021 पारित किया गया और दोनो सदन को बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

### देश में फिर बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर के बीच एक बार फिर नए मामलों की संख्या में बढोतरी देखने को मिल रहा है। बुधवार को नए मामलों में 13 हजार से अधिक की उछाल दर्ज की गई। भारत में बीचे 24 घंटों में कोविड–19 के 43,654 नए मामले दर्ज किए गए है, इस दौरान 640 और लोगों की मौत हो गई

# 2024 चुनावों में पूरे देश में होगा खेला

## ममता बनर्जी ने पेगासस जासूसी मामले को लेकर केंद्र पर बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पांच दिन के दिल्ल्ली दौरे पर आईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पेगासस जासूसी मामले को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर जोरदार प्रहार किया है। बुधवार को उन्होंने जासूसी मुद्दे को इमरजेंसी से भी गंभीर करार दिया। ममता ने कहा कि मेरा फोन पहले ही टैप हो चुका है। अगर मेरे भतीजे अभिषेक मुखर्जी का फोन टैप हो जाता है, और मैं उससे बात कर रही हूं, तो मेरा फोन भी अपने आप टैप हो जाता है। पेगासस ने सभी की जान खतरे में डाल दी है। एक दिन पहले मंगलवार को ममता ने पीएम नरेंद्र मोदी से मिलकर पेगासस जासूसी मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी।

विपक्ष का चेहरा बनाए जाने संबंधी सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा–मैं राजनीतिक ज्योतिषी नहीं हूं। यह स्थितियों पर निर्भर करता है। अगर कोई और नेतृत्व करता है तो उससे कोई समस्या नहीं है। संसद सत्र के बाद सभी विपक्षी दलों को आपस में मुलाकात करनी चाहिए। ममता ने कहा कि पूरे देश में खेला होगा। वर्ष 2024 में जब आम चुनाव आएंगे तो यह मोदी बनाम देश होगा।

**राजनीतिक आंधी कोई रोक नहीं पाएगा:** सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वह एक साधारण कार्यकर्ता हैं और एक कार्यकर्ता ही बनी रहना चाहती हैं। मेरे सभी विपक्षी नेताओं से अच्छे संबंध हैं और देश में अगर राजनीतिक आंधी आई तो उसे कोई रोक नहीं सकेगा। अगर विपक्षी दल सीरियस होकर इस पर काम करें तो छह महीने में नतीजे दिख सकते हैं। हमने अपने कुछ लोगों को त्रिपुरा भेजा, जहां उन्हें नजरबंद कर दिया गया है।

### सोनिया गांधी से मुलाकात की, राहुल भी रहे मौजूद

संसद के मानसून सत्र के बीच कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार शाम को 10 जनपथ पर मुलाकात की। इस दौरान 2024 के लोकसभा चुनावों के विपक्षी एकता के स्वरूप पर दोनों विपक्ष के प्रमुख नेत्री बातचीत की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पेगासास समेत मूल्य वृद्धि, वैक्सीन व जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सोनिया जी ने मुझे चाय पर आमंत्रित किया था। राहुल भी वहां थे।

# अफगानिस्तान से सेना हटा लेंगे तो भी नजर नहीं हटेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में जो हालात हैं उस पर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्या कुछ कहते हैं इस पर सबकी नजर थी। बुधवार इस मुद्दे पर ब्लिंकन ने कहा कि हम अफगानिस्तान में ऐसी सरकार चाहते हैं जो वहां के लोगों ने चुनी हो। इसके लिए बहुत काम करना पड़ेगा। हम एक समावेशी अफगानिस्तान चाहते हैं। इस दिशा में भारत और अमेरिका साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ब्लिंकन ने कहा कि एक बात मैं साफ कर दूं कि अगर हम अफगानिस्तान से सेना हटा लेंगे तो भी वहां से हमारा ध्यान नहीं हटेगा।

अफगानिस्तान को लेकर भारत और अमेरिका की राय लगभग एक जैसी है। हमारा पड़ोसी होने के नाते अफगानिस्तान में शांति हमारी ख्वाहिश है। ब्लिंकन ने कहा तालिबान की ओर से अफगानिस्तान में अत्याचार की खबरें हैं। हम अफगानिस्तान के पूरे मामले को देख रहे हैं। अफगानिस्तान के मुद्दे पर तालिबान अंतरराष्ट्रीय समर्थन चाहता है। इसके पीछे तालिबान संभवत चाहता है कि उसके नेता दुनिया में स्वतंत्र रूप से यात्रा करें और प्रतिबंध हटा दिए जाएं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि बलपूर्वक देश पर अधिकार करना और लोगों के अधिकारों का हनन करना उन उद्देश्यों को प्राप्त करने का रास्ता नहीं है।

भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ब्लिंकन ने भारतीय विदेश मंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता दुनिया के सबसे अहम रिश्तों में से एक है। ब्लिंकन ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी क्वाड और समुद्री सुरक्षा पर भी चर्चा हुई।

### दो टूक

■अमेरिकी विदेश मंत्री ने विदेश मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# निवेशकों के लिए बिल को मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### बैंक डूबने पर 90 दिन के अंदर मिलेंगे 5 लाख रुपये

नई दिल्ली। बैंक डूबने पर अब डिपॉजिटर्स को 90 दिन के अंदर 5 लाख रुपये तक की रकम मिलने की प्रॉसेस पूरी हो जाएगी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके लिए मंत्रिमंडल ने डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन एक्ट में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

बता दें कि किसी बैंक के दिवालिया होने या उसका लाइसेंस रद्द होने पर उसमें जमा डिपॉजिटर की 5 लाख रुपये तक की ही रकम सुरक्षित होती है, फिर चाहे कुल जमा कितनी ही क्यों न हो। पहले यह लिमिट 1 लाख रुपये थी, लेकिन सरकार इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर चुकी है।

बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि अब किसी बैंक के दिवालिया होने या उसका लाइसेंस रद्द होने या उस पर RBI द्वारा कोई प्रतिबंध लगने पर 90 दिनों के अंदर डिपॉजिटर को उसकी 5 लाख रुपये तक की जमा मिलने की प्रॉसेस पूरी हो जाएगी।